उत्तर प्रदेश सीमेंट निगम, सोनभद्र में उत्पादन

776. **डा० रत्नाकर पाण्डेय :** क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय उत्तर प्रदेश सीमेंट निगम सोनभद्र की कितनी इकाइयां काम कर रही है ;

(ख) प्रतिवर्ष इसमें कितने टन सीमेंट का उत्पादन होता है और इसमें कितने कर्मचारी काम कर रहे हैं ;

(ग) क्या यह सच है कि इस संस्थान को गैर-सरकारी क्षेत्र को बेचे जाने के लिए कार्यवाही चल रही है ;

(घ) क्या यह भी सच है कि इस सरकारी उपक्रम को बिरला या मोदी ग्रुप के लोगों को बेचने के लिए बातचीत चल रही है ;

(ङ) क्या सरकार ने इस कारखाने को भारतीय सीमेंट निगम के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत लाने के लिए कोई पहल की है ; और

(च) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं ?

उद्योग मंत्री (श्री अजीत सिंह): **विवरण .**

(क) उत्तर प्रदेश सीमेंट लि० सोनभद्र के मिर्जापुर जिले में चर्क, डाल्ला एवं चुनार में तीन सीमेंट एकक हैं जिनकी लाइसेंसप्राप्त क्षमता क्रमश: 4.75, 4.32 और 16.80 लाख मी. टन वार्षिक है ।

(ख) वर्ष 1987–88, 1988–89 और 1989–90 के दौरान उनके एककों का सीमेंट उत्पादन इस प्रकार रहा :—

सीमेंट उत्पादन (रुपये लाख में)

वर्ष	चुनार	चर्क	डाल्ला	कुल योग
1987–88	10.25	0.97	0.29	11.51
1988–89	9.60	0.85	0.89	11.34
1989–90	9.00	0.12	0.08	9.20

निगम में कुल 4515 कर्मचारी कार्य कर रहे हैं ।

(ग) और (घ) उत्तर प्रदेश राज्य सरकार ने सूचित किया है कि उसने निगम को सहायता प्राप्त/संयुक्त क्षेत्र में परिवर्तित करके इसके प्रबन्ध को सुदृढ़ बनाने का निर्णय किया है ।

(ङ) जी, नहीं ।

(च) ऊपर (क) के उत्तर को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता ।

मध्य प्रदेश में गोबर गैस बायो गैस संयंत्र

777. **श्री शिव प्रसाद चनपुरिया :** क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 30 जून, 1990 की स्थिति के अनुसार मध्य प्रदेश के ऐसे गांवों की संख्या कितनी है जहां ऊर्जा के गैर-परम्परागत स्रोत विकसित करने के लिए गोबर गैस या बायो गैस संयंत्र स्थापित कर दिए गए हैं ;

(ख) सफलतापूर्वक चल रहे संयंत्रों की संख्या कितनी है , और